भारत सरकार
योजना मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2330
दिनांक 21.12.2022 को उत्तर देने के लिए

सतत विकास लक्ष्य

2330. श्री पी.सी. मोहन:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या नीति आयोग ने वर्ष 2022 के लिए सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) भारत सूचकांक जारी किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या भारत ने सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में प्रगति की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(ग) वर्ष 2022 के लिए एसडीजी इंडिया सूचकांक कब तक जारी कर दिया जाएगा?

उत्तर
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री (कारपोरेट कार्य मंत्रालय)

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क): जी, नहीं।

(ख): नीति आयोग की सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) भारत सूचकांक रिपोर्ट के अनुसार, एसडीजी में भारत का समग्र स्कोर वर्ष 2018-19 में 57, वर्ष 2019-20 में 60 और वर्ष 2020-21 में 66 था।

(ग): एसडीजी भारत सूचकांक, 2022 तैयार किया जा रहा है और इसे केंद्र सरकार के मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अन्य विकास एजेंसियों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ विस्तृत परामर्श के बाद जारी किया जाएगा।